कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री मुरारी लाल मीना पुत्र श्री देवीसहाय मीना गांव वीरगांव पो0 धौलखेडा तहसील मण्डावर जिला दौसा

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार मण्डावर, जिला दौसा

अपील सं0 52/2018

निर्णय दिनांक 16.10.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार मण्डावर जिला दौसा को सूचना/नकल हेतु दिनांक 18.07.18 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार मण्डावर को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार मण्डावर का पत्रांक आरटीआई/2018/357 दिनांक 08.10.18 द्वारा अवगत कराया गया है कि वॉछित सूचना तहसील कार्यालय के सहायक कर्मचारी के साथ आवेदक के ग्राम भिजवाई गई थी, वहॉ जाने पर आवेदक बाहर होने से उसके पिताजी को सूचना भिजवाया जाना अंकित कर, इस कार्यालय को सूचना भिजवाते हुए आवेदक को भी प्रति पृष्ठांकित की जाकर सूचना संलग्न भिजवाने हेतु अंकित किया गया है। प्राप्त पत्रादि संलग्न पत्रावली है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आवदेक को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official